
॥ श्री द्वारकेशो जयति ॥

हरित्कौस्तुभव्याप्त वक्षोजदेश महावैजयन्तीलसद् भूषणाढ्यम् ।
किरीटं गदाचक्रशंखाब्जरम्यं भजे स्वामिनीवल्लभं द्वारकेशम् ॥

# "ब्रज मोहे बिसरत नाहीं" - ब्रजयात्रा

"आया श्री यमुनाजी का बुलावा ब्रज देश रे,
राज कोई रोको नहीं"





# अलौकिक चौरासी कोस ब्रजयात्रा

## लीली परिक्रमा

**श्रीमद् वल्लभाचार्यजी तृतीय गृह (पीठ) - कांकरोली**

संवत २०७९ के भाद्रपद शुक्ल एकादशी (गुर्जर मास अनुसार) दिनांक २५/०९/२०२३
सोमवार से दिनांक २८/१०/२०२३ शनिवार (शरद पूर्णिमा)







**सर्वाध्यक्ष तथा आशीर्वाद प्रदाता**

जगद्गुरु श्रीमद् वल्लभाचार्यजी तृतीय गृहाधीश (पीठाधीश)
परमपूज्य गोस्वामी १०८ श्री ब्रजेशकुमारजी महाराजश्री (कांकरोली नरेश)

**संरक्षक एवं प्रेरक**

तृतीय गृह कांकरोली युवराज परम पूज्य
गोस्वामी १०८ डॉ. श्री वागीशकुमारजी महोदयश्री

**निर्देशक तथा संयोजक**

परम पूज्य गोस्वामी १०८ श्री वेदांतकुमारजी महोदयश्री
परम पूज्य गोस्वामी १०८ श्री सिध्दांतकुमारजी महोदयश्री

**मुख्य कार्यालय**

श्री ब्रजदर्शन समिति श्री राजीवलोचन मेमोरीयल ट्रस्ट
श्री बैठक मंदिर, केवड़ा बाग, मदन झांपा रोड, बड़ौदा- ०१ (मो.): 8401424933, (0265) 2435543
श्री द्वारकाधीश सुखधाम, अेडी/१, वसुंधरा सोसायटी, वापोडिया रोड, बडोदा - १९
(मो.): 9265233533, (0265) 2524344
E-mail: vrajdarshan2023@gmail.com

।। श्री द्वारकेशो जयति।।

# वैष्णवों को ब्रजयात्रा की बधाई

श्रीमद् आनंदकंद नंदनंदन श्री कृष्णचंद्रजी की पावन लीलास्थली ''ब्रज'' आनंद और उत्सव का धाम है। सारस्वत कल्प में परब्रह्म पूर्ण पुरुषोत्तम श्री कृष्ण का गोलोक धाम से भूतल पर प्रादुर्भाव हुआ। इससे आपके सर्व परिकर श्री यमुनाजी, श्री गिरिराजजी, श्री स्वामिनीजी आदि भी अवतरित हुए। इस पवित्र भूमि में ब्रज की गोपांगनाओं को प्रभु ने रास लीला द्वारा भजनानंद का सर्वोत्कृष्ट दान किया है। समस्त भगवद् स्वरुपों की चरण रज से ब्रज भूमि आच्छादित है, जिसकी अलौकिकता आज भी विद्यमान है। इस अलौकिक ब्रज भूमि में विचरण करने का तथा भगवान की चरण रज का आस्वाद लेने का सौभाग्य विरल वैष्णवो को ही प्राप्त होता है।

निकुंजनायक श्री द्वारकाधीश प्रभु के असीम अनुग्रह से नि.ली. परम पूज्यपाद गोस्वामी १०८ श्री ब्रजभूषणलालजी महाराजश्री के आशीर्वाद से तथा तृतीय गृहाधिपति परम पूज्यपाद गोस्वामी १०८ श्री ब्रजेशकुमारजी महाराजश्री (कांकरोली नरेश) के आशीर्वाद से पूज्यपाद गोस्वामी १०८ श्री वागीशकुमारजी महोदयश्री के साथ आपश्री के कृपा प्रसाद स्वरूप निज परिकर तथा ब्रजदर्शनाभिलाषी वैष्णवों को लेकर सम्पूर्ण ब्रज यात्रा- लीली परिक्रमा का अभूतपूर्व आयोजन किया जा रहा है।

कांकरोली युवराज परम पूज्यपाद गोस्वामी १०८ श्री वागीशकुमारजी के सर्वग्राही आयोजन और प्रेरणा से और राजकुमार परम पूज्यपाद गोस्वामी १०८ श्री वेदांतकुमारजी तथा परम पूज्यपाद गोस्वामी १०८ श्री सिद्धांतकुमारजी के निर्देशन एवं संयोजन में आयोजित इस ब्रजयात्रा में आप सभी विशेष रूप से पधारेगें।

यात्रा के दौरान आपश्री के निज सेवा के सेव्य स्वरुप श्री ... प्रभु साथ मे विराजेंगे, और विविध स्थलों की लीलानुसार मनोरथो के अलौकिक आनंद की अनुभूति करायेंगे।

भगवद् लीलाओं का अनुभव कराने के लिए रासलीला मंडली उन स्थलों की लीलाओं द्वारा अलौकिक आनंद प्राप्त करायेंगे।

आपश्री द्वारा सन १९८६ और सन २००२ में ब्रजयात्रा का आयोजन हुआ था। जिन वैष्णवों ने इन अलौकिक यात्राओं का रसास्वाद लिया था वे आज भी उस आनंद का स्मरण कर अपने आप को धन्य अनुभव करते है और पुनः ऐसा ही अवसर कब प्राप्त हो उसकी आतुरता पूर्वक प्रतीक्षा कर रहे थे, उन वैष्णवों की हृदयस्थ भावनाओं को संतुष्ट करने तथा वल्लभीय वैष्णवों की भावनाओं को पोषित करने हेतु ब्रजदर्शन समिति द्वारा इस लीली परिक्रमा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

भक्तवत्सल परम पूज्यपाद गोस्वामी १०८ श्री ब्रजेशकुमारजी महाराजश्री ने वैष्णवों के तापःक्लेश के निवारण के लिए पूज्यपाद गोस्वामी श्री वागीशकुमारजी को पुनः यात्रा करने हेतु आशीर्वाद प्रदान किया है। आपश्री की आज्ञा के फलस्वरूप यह ब्रजयात्रा निर्धारीत की गई है। इस यात्रा में सम्मिलित होकर प्रत्येक वैष्णव कम से कम यात्रा में जगत के प्रपंच की विस्मृतिपूर्वक भगवद् रसानुभुति कर अपने चित्त का निरोध प्राप्त कर सात्विकता और आध्यात्मिकता का अनुभव कर ब्रज के विविध तीर्थों की पावनता को अनुभव कर श्रीकृष्ण की विविध लीलास्थली और उनकी विविध लीलाओं का रसास्वाद ले सकें। तथा श्री यमुना महारानीजी एवं श्री गिरिराज बाबा की कृपा प्राप्त करने हेतु तथा श्री द्वारकाधीश प्रभु तथा सप्त स्वरुपों की लीलास्थली में अपने निज भक्तो को अहेतूकी कृपा प्राप्त कराने हेतु तृतीय गृह कांकरोली तिलकायत एवं कांकरोली युवराज द्वारा ब्रजयात्रा-लीली परिक्रमा का आयोजन किया गया है। समग्र वैष्णव सृष्टि को इस अद्भुत आयोजन में सहभागी होकर ब्रजयात्रा - लीली परिक्रमा का लाभ प्राप्त कर कृतार्थ होने के लिए भावपुर्वक आमंत्रण है।

इस ब्रजयात्रा- लीली परिक्रमा में निवास व्यवस्था पाल में रखी गई है तथा प्रतिदिन बैठक चरित्रों और स्थल चरित्रों के अवगाहन का भी लाभ मिलेगा। प्रभु के विविध मनोरथ प्रतिदिन होंगे तथा ब्रज के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी यथा समय होगा।

वैष्णवों की संख्या मर्यादित (सीमित) रखी जाने के कारण समय से पहले अपना नाम पंजीकृत कराने के लिए हृदयपूर्वक आग्रह है।

निवेदक : श्री ब्रजदर्शन समिति

।। श्री द्वारकेशो जयति।।

## परम पूज्य गोस्वामी १०८ श्री ब्रजेशकुमारजी महाराजश्री के ज्येष्ठ आत्मज पूज्य वागीशकुमारजी पूज्य श्री वेदांतकुमारजी तथा पूज्य श्री सिद्धांतकुमारजी के द्वारा आयोजित

# ''अलौकिक चोरासी कोस ब्रजयात्रा''

संवत २०७९ भाद्र पद शुक्ल -११ (गुर्जर मास अनुसार) दि. २५/०९/२०२३ से आश्विन शुक्ल-१५ २८/१०/२०२३ तक का कार्यक्रम

| तारीख/वार/तिथि | स्थल/दिवस | कार्यक्रम | मनोरथ |
|---|---|---|---|
| २५/०९/२०२३ सोमवार भाद्र पद शु.-११ | मथुरा | प्रातः श्रीमथुरा विश्राम घाट पर ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा का पू.पा. महाराजश्री समस्त वैष्णवों के साथ नियम लेंगे। संध्या समय लाईन डोरी पास के वैष्णवो को कीट वितरण | श्री यमुनाजी का पूजन एवं कुनवारा |
| २६/०९/२०२३ मंगलवार भाद्र पद शु.-१२ | मथुरा | श्री मथुराजी की अन्तर्गृही परिक्रमा, विश्राम घाट पर श्रीमहाप्रभुजी की बैठक में झारी-चरण स्पर्श. | श्री यमुनाजी का चुंदडी मनोरथ |
| २७/०९/२०२३ बुधवार भाद्र पद शु.-१३ | मधुबन | शितला कुंड, ध्रुवनारायण मिलन स्थल, श्रीमहाप्रभुजी की बैठकजी पर तपेली झारी-चरण स्पर्श | पनघट का मनोरथ |
| २८/०९/२०२३ गुरुवार भाद्र पद शु.-१४ | मधुबन | तालवन, कुमुदवन श्रीमहाप्रभुजी की बेठक पर झारी-चरण स्पर्श, तपेली पश्चात मधुबन मुकाम हेतु प्रस्थान | दान का मनोरथ |
| २९/०९/२०२३ शुक्रवार भाद्र पद शु.-१५ | शांतनकुण्ड | शांतनकुण्ड, शांतनु बिहारीजी का दर्शन, मुकाम पर आपश्री की तपेली | द्वादश निकुंज का मनोरथ |
| ३०/०९/२०२३ शनिवार भाद्र कृष्ण - १ | बहुलावन | श्रीमहाप्रभुजी की बेठकजी पर झारी-चरण स्पर्श, तपेली | गौचारण का मनोरथ |
| ०१/१०/२०२३ रविवार भाद्र कृष्ण - २ | जमुनावता/ चंद्रसरोवर | राधाकृष्ण कुंड बेठकजी पर झारी-चरण स्पर्श, तपेली, कुसुम सरोवर होते हुए जमुनावता में कुम्भनदासजी की बैठक पर दर्शन | महारास का मनोरथ |
| ०२/१०/२०२३ सोमवार भाद्र कृष्ण - ३ | जतीपुरा | चंद्रसरोवर बेठकजी पर झारी-चरण स्पर्श, आपश्री की तपेली, पेठा-पेठा होकर नारायण सरोवर होते हुए श्याम ढाक बेठकजी के पश्चात जतीपुरा मुकाम पर | श्री ठाकुरजी का छाक का मनोरथ |
| ०३/१०/२०२३ मंगलवार भाद्र कृष्ण - ५ | जतीपुरा | प्रातः श्रीगिरिराजजी के पूजन के पश्चात मुकाम पर आपश्री की तपेली, संध्या फुलफाग का मनोरथ | श्रीगिरिराजजी का पूजन, संध्या फुलफाग का मनोरथ |
| ०४/१०/२०२३ बुधवार भाद्र कृष्ण - ६ | जतीपुरा | श्रीमहाप्रभुजी की बेठकजी पर झारी-चरण स्पर्श, सुरभी कुंड, मुकाम पर आपश्री की तपेली, श्रीगिरिराजजी का पूजन और उनका कुनवारा मनोरथ | प्रातः श्रीगिरिराजजी का पूजन संध्या-श्रीगिरिराजजी का कुनवारा |
| ०५/१०/२०२३ गुरुवार भाद्र कृष्ण - ७ | जतीपुरा | श्री जतीपुरा तीर्थ स्थान-(बिलछू कुंड पर दर्शन करके मानसी गंगा ऊपर श्रीमहाप्रभुजी की बेठकजी पर झारी-चरण स्पर्श,दानघाटी में दान का मनोरथ)गोविंद कुंड पर श्री गिरिराजजी का पूजन,जान-अजान वृक्ष के दर्शन कर वापस पाल ऊपर आपश्री की तपेली, श्री गिरिराजजी की परिक्रमा | दानघाटी में दान का मनोरथ श्रीगिरिराजजी का पूजन, संध्या गोविंद स्वामी की कदमखंडी में झुले का मनोरथ |
| ०६/१०/२०२३ शुक्रवार भाद्र कृष्ण - ७ | बहेज/डीग | रोंढ का घना होते हुए डीग मुकाम, पाल पर आपश्री की तपेली | श्री ठाकुरजी का सांझी का मनोरथ |
| ०७/१०/२०२३ शनिवार भाद्र कृष्ण - ८ | सेऊ/परमंदरा | आदि बद्री अलकनंदा होकर सेऊ-परमंदरा मुकाम पर आपश्री की तपेली | श्री ठाकुरजी का फूल की सांझी का मनोरथ |
| ०८/१०/२०२३ रविवार भाद्र कृष्ण - ९ | कामवन | काका वल्लभजी की बेठक, श्रीगोकुलचंद्रमाजी का दर्शन, श्री मदनमोहनजी का दर्शन करके पाटा-ईन्दौली होकर मुकाम पर आपश्री की तपेली | बंगला का मनोरथ |
| ०९/१०/२०२३ सोमवार भाद्र कृष्ण - १० | कामवन | चरण पहाडी दर्शन करके, भोजन थाली दर्शन कर, श्री कुंड बेठकजी पर झारी-चरण स्पर्श, तपेली | श्री ठाकुजी का छाक का मनोरथ |
| १०/१०/२०२३ मंगलवार भाद्र कृष्ण - ११ | कामवन | श्री गोकुलचंद्रमाजी का दर्शन, श्री मदनमोहनजी का दर्शन, विमलकुंड, यात्रा के अन्य दर्शनीय स्थल | श्री ठाकुरजी का दान का मनोरथ |

| तारीख/वार/तिथि | स्थल/दिवस | कार्यक्रम | मनोरथ |
|---|---|---|---|
| ११/१०/२०२३<br>बुधवार<br>भाद्र कृष्ण - १२ | बरसाना | सुनेहरा की कदमखंडी काका वल्लभजी की बेठक में दर्शन करके देहकुंड में स्नान पान के पश्चात मुकाम पर आपश्री की तपेली | श्याम सगाई का मनोरथ |
| १२/१०/२०२३<br>गुरुवार<br>भाद्र कृष्ण - १३ | बरसाना | सांकरी खोर, मोरकुटी,गेहवन,मानगढ श्रीमहाप्रभुजी की बेठक में झारी-चरण स्पर्श तपेली,सांकरीखोर का दान का मनोरथ, परत मुकाम पर सांकरीखोर का रास का मनोरथ (बडे श्री बालकृष्णजी का उत्सव-प्रा.सं. १६०६) | सांकरीखोर में दान का मनोरथ<br>सांकरीखोर का रास का मनोरथ |
| १३/१०/२०२३<br>शुक्रवार<br>भाद्र कृष्ण - १४ | बरसाना | करहेला श्रीमहाप्रभुजी की बेठकजी में झारी चरण स्पर्श, तपेली, पश्चात बरसाना में संध्या को विवाह का मनोरथ | विवाह का मनोरथ कन्या पक्ष<br>विवाह का मनोरथ वर पक्ष |
| १४/१०/२०२३<br>शनिवार<br>भाद्र कृष्ण - ०)) | नंदगाँव | प्रेमसरोवर, संकेतवन मे श्री महाप्रभुजी की बेठकजी में झारी चरण स्पर्श, तपेली के पश्चात रीठोरा श्री चंद्रावलीजी के दर्शन कर मुकाम पर वापस. | मुकाम पर श्रीठाकुरजी का नंदमहोत्सव |
| १५/१०/२०२३<br>रविवार<br>आश्विन शुक्ल-१ | नंदगाँव | टेर कदम श्रीमहाप्रभुजी की बेठकजी पर झारी-चरण स्पर्श, तपेली, संध्या-नंदभवन में नंदमहोत्सव मनोरथ | श्री नंदमहल में नंदमहोत्सव<br>टेर कदम का मनोरथ |
| १६/१०/२०२३<br>सोमवार<br>आश्विन शुक्ल-२ | नंदगाँव | उद्धव क्यारी का रास, मुकाम पर तपेली | उद्धव क्यारी रास |
| १७/१०/२०२३<br>मंगलवार<br>आश्विन शुक्ल-३ | कोटवन | प्रातः कोकीला वन बेठकजी पर झारी चरण स्पर्श, आपश्री की तपेली, तत्पश्चात चरण गंगा रासोली,श्रीगोकुलनाथजी की बेठकजी के दर्शन कर पावड़ गंगा होते हुए कोटवन मुकाम पर | बगीचा का मनोरथ |
| १८/१०/२०२३<br>बुधवार<br>आश्विन शुक्ल-४ | कोशी | कोटवन से शेषशायी होते हुए कोशी मुकाम पर | पुष्प बंगला का मनोरथ |
| १९/१०/२०२३<br>गुरुवार<br>आश्विन शुक्ल-५ | शेरगढ | पैगांव में ताल पर आपश्री की तपेली, लालबाग, खेलनवन होते हुए शेरगढ मुकाम | कुंज का मनोरथ |
| २०/१०/२०२३<br>शुक्रवार<br>आश्विन शुक्ल-६ | चीरघाट | अक्षयवट का दर्शन कर श्रीस्वामीनीजी प्राकट्य स्थल गुंजावन, चीरघाट पर श्रीयमुनाजी का पूजन स्नान करके श्रीगुंसाईजी की बेठकजी पर झारी चरण स्पर्श | चीरहरण लीला का मनोरथ |
| २१/१०/२०२३<br>शनिवार<br>आश्विन शुक्ल-७ | बच्छवन | बच्छबिहारी का दर्शन, श्रीगुसांईजी की बेठकजी पर झारी-चरण-स्पर्श,तपेली | पुष्पकुंज का मनोरथ |
| २२/१०/२०२३<br>रविवार<br>आश्विन शुक्ल-८ | वृंदावन | श्यामवन,भांडीरवन,माटगांव,बेलवन श्रीबेठकजी पर झारी-चरण-स्पर्श, तपेली, खीचड़ी खेल का मनोरथ<br>(विशेष: नाव द्वारा अथवा वाहन द्वारा अपने खर्चे से वैष्णव आना-जाना करेंगे) | बेलवन खीचड़ी खेल का मनोरथ<br>फूल के हिंडोला का मनोरथ |
| २३/१०/२०२३<br>सोमवार<br>आश्विन शुक्ल-९ | वृंदावन | वंशीवट, श्री बेठकजी पर झारी-चरण-स्पर्श, तपेली | कुंज तलाई का मनोरथ |
| २४/१०/२०२३<br>मंगलवार<br>आश्विन शुक्ल-१० | वृंदावन | भंवरोड बिहारीजी का दर्शन तथा यात्रा के अन्य दर्शनीय स्थल | भूल-भूलैया का मनोरथ |
| २५/१०/२०२३<br>बुधवार<br>आश्विन शुक्ल-११ | लोहवन | मानसरोवर श्रीमहाप्रभुजी की बेठकजी पर झारी-चरण स्पर्श, तपेली तत्पश्चात मुकाम पर | श्री यमुना पुलिन का मनोरथ |
| २६/१०/२०२३<br>गुरुवार<br>आश्विन शुक्ल-१२ | गोकुल | श्री दाऊजी का दर्शन, चिंताहरण, ब्रह्माण्डघाट,रमणरेती, वल्लभघाट होते हुए गोकुल श्रीमहाप्रभुजी की बैठकजी पर झारी-चरण स्पर्श, तपेली | श्री दाऊजी का हाण्डा, श्रीठकुराणी घाट पर श्रीयमुनाजी का पूजन और श्री यमुनाजी का कुनवारा |
| २७/१०/२०२३<br>शुक्रवार<br>आश्विन शुक्ल-१३-१४ | गोकुल | बड़ी बेठकजी पर झारी-चरण स्पर्श, तपेली, स्नेह मिलन समारोह | बंगला का मनोरथ |
| २८/१०/२०२३<br>शनिवार<br>आश्विन शुक्ल-१५ | मथुरा | रावल होते हुए मथुरा में परिक्रमा नियम विसर्जन-यात्रा विजय-शुभम. | श्री राजाधिराज में शरदपूर्णिमा |

श्री राजाधिराज श्री द्वारकाधीश प्रभु का छप्पनभोग महामहोत्सव मथुरा
दि. २९/१०/२०२३ रविवार, (आसो-कृष्ण-१) के दिन

# श्री व्रजयात्रा में
# लाईन डोरी की व्यवस्था

वल्लभीय वैष्णवों द्वारा श्री व्रजदर्शन समिति आयोजित व्रज चोर्यासी कोस की यात्रा(लीली परिक्रमा) में व्रजयात्रियों के लिए तीन प्रकार की व्यवस्था निर्धारित की गई है। प्रत्येक वैष्णव अपनी इच्छा एवं अनुकूलता के अनुसार पहले से ही अपनी समस्त जानकारी सम्पर्क सूत्रों के पास प्रविष्टि(पंजीकरण) हेतु निवेदन है। तो आईये हरि-गुरु-वैष्णव के त्रिवेणी संगम में प्रभु की लीलास्थली में पधार कर जीवन को धन्य बनायें।

| क्रमांक | व्यवस्था | जानकारी |
|---|---|---|
| १. | ४ व्यक्ति-पाल<br>सहयोग न्योछावर<br>६४,०००/-<br>प्रति यात्री | डबलप्लाय लाईनदोरी का पाल, प्रति पाल लाईट, पंखा-२, मोबाईल चार्जिंग पोईंट-१, सामान रखने हेतु पाट-२, प्रातः स्नान हेतु गर्म पानी+छोटा पाट,स्नान हेतु बाल्टी,छोटी बाल्टी,टम्बलर,प्रति पाल पीने का मिनरल पानी (१ जग), कपडा धोने के लिए पानी, छीवा हेतु वेस्टर्न कमोड कुर्सी, बाथरूम,चटाई,टेबल,कुर्सी-४, प्रति व्यक्ति पलंग, गादी, तकिया, ब्लेंकेट (कम्बल), चादर-तकिये के कवर (२-सेट), पाल पर से सामान लाने-ले जाने की व्यवस्था, दो पाल पर एक व्यक्ति सर्विस के लिए रहेगा । यात्री को सवेरे चाय काफी, यात्रा से वापसी पर छाछ/शर्बत, दोपहर का भोजन, शाम को चाय काफी और रात्री में हल्का भोजन । |
| २. | ६ व्यक्ति-पाल<br>सहयोग न्योछावर<br>५४,०००/-<br>प्रति यात्री | |
| ३. | २ व्यक्ति<br>गेस्ट हाउस<br>(ए.सी.)<br>४ व्यक्ति<br>कार/पाल के साथ | ए.सी.रूम (२ व्यक्ति), अटैच गीजर के साथ बाथरूम/गेस्ट हाउस में निवास की व्यवस्था तदुपरांत महाराजश्री की लाईन डोरी में पाल की व्यवस्था, (उपरोक्त पाल की तमाम तथा वन भोजन साथ की व्यवस्था रहेगी), ए.सी.गाडी व्यवस्था, गेस्ट हाउस से व्रज परिक्रमा (नियत स्थलों पर) करके पाल पर आने जाने तक। रूम पर सवेरे चाय काफी,मिनरल वाटर की बाटल नंग-१ प्रतिदिन-प्रतियात्री. |

सूचना : किसी भी पार्किंग में खडी गाडी में ए.सी.चालु रहेगा नहीं । वाहन आने जाने की व्यवस्था समिति नियमानुसार रहेगी।
विशेष सूचना: उपरोक्त सवलतो की व्यवस्था जो इच्छुक व्रजयात्री के लिए व्रजदर्शन समिति द्वारा की जायेगी । (कार्यालय का संपर्क करें)

विशेष:- प्रति पाल मिनरल वाटर जग नंग-१ दिया जायेगा। चादर,तकियों का कवर सेट मिलेगा जिसे यात्री अपने खर्चे से धुला सकेंगे।

## व्रजयात्रा में प्रविष्टी (पंजीकरण) एवं सहयोग तथा जानकारी हेतु नीचे लिखे श्री व्रज दर्शन समिति कार्यालय से सम्पर्क कीजिए।


**श्री व्रजदर्शन समिति**
**श्री राजीवलोचन मेमोरीयल ट्रस्ट**
**श्री बेठक मंदिर**
केवडाबाग, मदनझांपा रोड,वडोदरा-३९०००१
फोन : 0265-2435543.
मो. 8401424933

**श्री व्रजदर्शन समिति**
**श्री राजीवलोचन मेमोरीयल ट्रस्ट**
**श्री द्वारकाधीश सुखधाम**
अेडी/१,वसुंधरा सोसायटी,उमाचार रस्ता,
वाघोडिया रोड,वडोदरा-१९, मो.9265233533
फोन : 0265-2524452,2524344

**श्री व्रजदर्शन समिति**
**श्री राजीवलोचन मेमोरीयल ट्रस्ट**
**श्री द्वारकाधीश मंदिर**
बउआनी पोल,रायपुर चकला,
अहमदाबाद-३८०००१
फोन : 079-22141537.मो. 7990642300

**श्री व्रजदर्शन समिति**
**श्री राजीवलोचन मेमोरीयल ट्रस्ट**
**श्री द्वारकाधीश बेठक मंदिर**
श्री वल्लभाचार्यजी मार्ग, मोटा तलाब के पास,
आणंद - ३८८००१
फोन : 02692-250712.मो. 9824028438

E-mail: vrajdarshan2023@gmail.com


विशेष सूचना:- यात्रा के दौरान संजोगआधिन यात्रा समिति द्वारा रुपरेखा में कोइ भी परिवर्तन किया जाए वो सर्व मान्य रहेगा ।
यात्रा समिति को संपूर्ण सहयोग देना होगा । आपश्री की आज्ञा सर्वोपरी रहेगी ।

।। श्री द्वारकेशो जयति।।

# श्री ब्रजयात्रा में लाईन डोरी के वैष्णवों लिए आवश्यक सूचनाएँ

१. अलौकिक ब्रजयात्रा के नियम भाद्र पद शुक्ल एकादशी दि. २५/०९/२०२३ सोमवार के दिन मथुरा में श्री यमुनाजी के किनारे लिये जायेंगे। प्रत्येक वैष्णव को सबसे पहले मथुरा कार्यालय पर अपने रजिस्ट्रेशन को कन्फर्म कराना होगा। मथुरा में निवास की एंव अपनी समस्त व्यवस्था वैष्णव को स्वयं करनी होगी । मथुरा में दि. २६/०९/२०२३ के दिन समिति द्वारा दर्शाये स्थल पर समय पर लाईन डोरी के वैष्णव अपने सामान को जमा करायेंगे। (स्थल और समय की जानकारी मथुरा कार्यालय से प्राप्त होगी) लीली परिक्रमा दि. २८/१०/२०२३ के दिन मथुरा में नियम छोड़कर विराम लेगी। शुभम

२. ब्रज यात्रा में लाईन डोरी के पाल की निवास व्यवस्था मधुबन से गोकुल तक रहेगी। यात्री गण मथुरा से पहुंचने तथा मथुरा से स्व वतन वापस आने की एवं अन्य व्यवस्था स्वयं करेंगे ।

३. ब्रजयात्रा में आचार्यश्री की लाईन डोरी में सीमित पाल होने से जो वैष्णव ब्रज यात्रा में सहभागी होना चाहते हैं, उन्हें इस हेतु एडवांस में अपनी बुकिंग कराकर नाम लिखाना होगा। पाल में साथ रहने के इच्छुक वैष्णव ग्रुप बुकिंग करा लें, जिससे सहयात्रियों को साथ रखने में समिति को सुगमता रहेगी । बुकिंग कराने वाले वैष्णवों को समिति द्वारा आवंटित पाल तथा सहयात्री स्वीकृत करना होगा । पाल का नंबर समिति निर्धारित करेगी जिसे यात्रीगण मान्य रखेंगे ।

४. ब्रजयात्रा में लाईन डोरी के पाल में बुकिंग कराने वाले ब्रजयात्री अपने पासपोर्ट साइज के दो फोटो, आईडी प्रुफ (आधार कार्ड) की फोटोकापी बुकिंग के समय कार्यालय में अवश्य जमा करायें, साथ ही कोरोना का अंतिम प्रमाण पत्र कार्यालय में जमा कराना होगा। श्री ब्रज दर्शन समिति द्वारा यात्री को दिया गया परिचय पत्र(यात्री बेज)सम्पूर्ण यात्रा में सदैव धारण करना आवश्यक रहेगा ।

५. ब्रज यात्रा में सम्मिलित प्रत्येक वैष्णव अपने साथ सीमित सामान रखेंगे(लोहे की पेटी, ताला, वाटर बेग, ग्लास, आवश्यकता अनुसार थैला, प्लास्टिक की डोरी, अपरस के लिए धोती-बंडी (रेशमी वस्त्र), टोर्च, आवश्यक स्वास्थ्य रक्षक दवाएं, डॉक्टर का प्रिस्क्रीप्सन-जरुरी रिपोर्ट अवश्य ही साथ रखें।

विशेष:- ब्रजयात्रा में यात्री जोखमी और कीमती सामान साथ में न रखें। कीमती सामान की सारी जवाबदारी यात्री की ही होगी उसके लिए ब्रज दर्शन समिति जवाबदार नही होगी, इसका विशेष ध्यान रखें।

६. लाईन डोरी में सम्मिलित यात्री ध्यान रखें कि आप ब्रज दर्शन समिति द्वारा निर्धारीत यात्रा के यात्री है । आपको समिति द्वारा सुनिश्चित व्यवस्थाएं प्रदान की गई है। यदि आपका कोई सगा-संबंधी, मित्र तथा स्वजन व परिचित जो लाईन डोरी की व्यवस्था में सम्मिलित नही है, उन्हें समिति द्वारा प्रदत्त सुविधाओं का लाभ नही मिलेगा और इसका आग्रह नियम विरूद्ध माना जायेगा ।

७. जो वैष्णव लाइन डोरी पाल में श्री ठाकुरजी को पधराकर लायेंगे उनको केवल श्री ठाकुरजी के भोग की व्यवस्था आपश्री की आज्ञानुसार समिति द्वारा कि जा सकेगी। (नियमानुसार)

८. ब्रजयात्रा में जो वैष्णव वाहन द्वारा ब्रज यात्रा करना चाहते है, उन्हें वाहन की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। समिति द्वारा इस प्रकार की कोई व्यवस्था नही होगी । (अलग से वाहन व्यवस्था के लिए जरुरी हो तो समिति से अग्रीम सम्पर्क करे ताकि संबंधित ठेकेदार से आपकी सीधी बातचीत कराना सरल हो सके अथवा अपने पुरोहित से सम्पर्क साधकर व्यवस्था कर सकेंगे।) उपरोक्त व्यवस्था के लिए किसी प्रकार समिति जवाबदार नही होगी।

९. यात्रीगण कुंड, सरोवर या नहर के पानी में न उतरे तथा घाट पर स्नान न करें।

१०. सम्पूर्ण ब्रजयात्रा में आपश्री के सेव्य स्वरुप श्री... पधारेंगे और सम्पूर्ण यात्रा में श्री... प्रभु के विविध अलौकिक मनोरथ सिद्ध होंगे।

११. चूंकि ब्रजमंडल आधिदैविक स्थान है, अतः वहां गंदगी न करें। वहां तीर्थ स्थान की मर्यादा का पूर्णरुपेण पालन करें। प्रत्येक यात्री को यात्रा के दरमियान स्वच्छता बनाये रखने का आग्रह रखना चाहिए। साथ ही वैष्णवों को दीनता, सत्संग का आग्रह तथा परस्पर सहयोग की भावना रखना चाहिए। क्रोध, ईर्ष्या, झगड़ा जैसे दुर्गुणों का त्याग नितांत आवश्यक है।

१२. श्री बैठकजी में अपरस करके कोरे वस्त्र(जिन्हें उपयोग में न लिया हो) अथवा रेशमी वस्त्र का उपयोग करें। भाईजन धोती-बंडी तथा बहन साड़ी पहने। श्री बैठकजी में भोग धरने के लिए मिश्री तथा मेवा सामग्री साथ में लावें। वहां बैठकजी के नियमों का पालन करें।

१३. दि. २५/०९/२०२३ सोमवार को मथुरा मुकाम पर श्री यमुना जी का कुनवारा तथा दि.२६/०९/२०२३ मंगलवार को श्री यमुनाजी का चुंदडी मनोरथ होगा। २६/१०/२०२३ गुरुवार को गोकुल में श्री यमुनाजी का कुनवारा होगा ।

१४. श्री गिरिराजजी प्रभु का कुनवारा दि. ०४/१०/२०२३ बुधवार को होगा।

१५. श्रीराजाधिराज द्वारकाधीश प्रभुका छप्पनभोग महामहोत्सव दि.२९/१०/२०२३ रविवार को मथुरा में होगा ।

१६. सम्पूर्ण ब्रजयात्रा के मनोरथी, ब्रजयात्रा के सहमनोरथी तथा उसमें श्री....प्रभु के विविध मनोरथों के मनोरथी, श्री यमुनाजी के मनोरथों के मनोरथी तथा उत्सव या श्री ...बैठकजी तपेली मनोरथ के मनोरथी, श्री वल्लभकुल के तपेली के मनोरथी बनने के लिए सकल वैष्णव सृष्टि को सौभाग्य प्राप्त होगा। ब्रज यात्रा के दरम्यान जिनका जन्म दिवस, लग्न दिवस जैसे शुभ दिवस आने पर वे भी मनोरथी बनकर अपने शुभ दिन को अलौकिक अवसर में बदल सकते हैं। इस संबंध में पूज्य महाराजश्री तथा ब्रजदर्शन समिति से सम्पर्क करना होगा।

विशेषः- (१) तपेली मनोरथी को अपना नाम मो. नम्बर तथा उनका पाल नम्बर अवश्य कार्यालय में समिति को लिखाना होगा ।

(२) ब्रजयात्रा में सम्मिलित अथवा वे वैष्णव जो किसी कारण से यात्रा में सम्मिलित न हो सके हों, उपरोक्त मनोरथ की सेवा में नाम दर्ज करके परम सौभाग्य प्राप्त कर सकेंगे ।

१७. जो वैष्णव अपने पाल में पूज्य महाराजश्री की पधरामणी कराना चाहते है वे पूर्व में कार्यालय में समिति से सम्पर्क कर अपना नाम, मोबाईल नम्बर तथा पाल नम्बर अवश्य लिखवा दें।

१८. समग्र ब्रजयात्रा के दरमियान ब्रज परिक्रमा में श्री... प्रभु के लीला स्थलों के प्रसंग अनुरूप प्रवचन, सत्संग तथा अलौकिक मनोरथों का भव्य आयोजन किया जायेगा। ब्रजयात्रा में सहभागी बनकर ब्रज मंडल की अलौकिक महिमा को आत्मसात करने तथा बैठकजी में झारी-चरण स्पर्श का लाभ लेने के लिए ब्रजदर्शन समिति हृदय पूर्वक स्वागत करती है।

विशेषः- श्री ब्रजदर्शन समिति द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों के अतिरिक्त यात्रियों द्वारा अपनी इच्छा अनुसार अन्य कोई भी कार्यक्रम नही किये जा सकेंगे। इन कार्यक्रमों के लिए समिति जवाबदार नही होगी। इसलिए यात्रा में निर्धारीत कार्यक्रमों के अतिरिक्त अपनी अपनी रीति से आयोजन न करें।

१९. ब्रजयात्रा में प्रत्येक वैष्णव को सुबह यात्रा प्रारम्भ करने से पहले हरि-गुरु को दंडवत करके ही यात्रा प्रारम्भ करना चाहिए। पूज्य आचार्यश्री की आज्ञानुसार चलें, साथ में रहे तथा किसी की बातो में आकर या किसी भी स्थिति में अपने विवेक को न खोये।

२०. संपूर्ण ब्रजयात्रा के दौरान ब्रजयात्रीओ को सरकारी आदेशनुसार कोइ भी महामारी संबंधित कानुनो का चुस्त पालन करना होगा । तथा कार्यलय से प्रसारीत सुचनाओ का अनिवार्य रुप से पालन करना होगा ।

२१. ब्रजयात्रा में लाईन डोरी के किसी यात्री को किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर कार्यालय में समिति से सम्पर्क करें।

अन्य सुविधाः- जिन्हें अतिरिक्त पंखा, पट्टा, पानी का जग इत्यादि चाहिए उसकी जानकारी पहले से प्रदान करें तथा उसकी न्यौछावर अलग से ठेकेदार को देनी होगी, इसकी जवाबदारी समिति की नही होगी।

विशेष सूचना :- यात्रा के दरम्यान किसी भी प्रकार के मनोरथ, स्थल, मुकाम या अन्य किसी प्रकार के परिवर्तन का अधिकार केवल महाराज श्री को होगा। आपश्री की आज्ञा सब यात्रियों को मान्य रखनी होगी। देशकाल, परिस्थिति के अनुसार उचित निर्णय लिये जा सकेंगे। प्रत्येक यात्रीने यात्रा में प्रपंच विस्मृति करने हेतु ही भगवद्धाम पसंद कीया है । ऐसा सोचकर वाणीदोष, विचारदोष तथा अन्य प्रकार के भगवद् अपराधो से बचने का प्रयत्न करें ।

।। श्री हरि ।।

# व्रजयात्रा के दरम्यान होने वाले श्री...प्रभु के मनोरथ

| श्री...प्रभु का मनोरथ | न्योछावर |
|---|---|
| (1) प्रति बेठकजी तपेली मनोरथ (1 तपेली का) | रु. २१,०००/ |
| (२) मथुरा में श्री यमुने महारानी का चुंदडी मनोरथ | रु. २,११,०००/- |
| (३) मथुरा में श्री यमुने महारानी का कुनवारा मनोरथ | रु. ५,००,०००/- |
| (४) श्यामल कुंड श्री... प्रभु का द्वादश निकुंज का मनोरथ | रु. ११,०००/- |
| (५) बहुलावन में श्री... प्रभु का गौचारण का मनोरथ | रु. ११,०००/- |
| (६) श्री गिरिराजजी प्रभु का पूजन | रु. १,११,०००/ |
| (७) श्री गिरिराजजी प्रभु का कुनवारा का मनोरथ | रु. ५,००,०००/- |
| (८) जतीपुरा में श्री... प्रभु का छाक का मनोरथ | रु. ११,०००/ |
| (९) जतीपुरा में दानघाटी दान का मनोरथ | रु. २१,०००/ |
| (१०) कामवन में श्री...प्रभु का छाक का मनोरथ | रु. ११,०००/ |
| (११) कामवन में श्री ...प्रभु का दान का मनोरथ | रु. ११,०००/ |
| (१२) बरसाना में श्याम सगाई का मनोरथ | रु. ११,०००/ |
| (१३) बरसाना में सांकरीखोर में दान का मनोरथ | रु. २१,०००/ |
| (१४) सांकरीखोर में रास का मनोरथ | रु. ११,०००/ |
| (१५) बरसाना में विवाह का महामनोरथ (कन्या पक्ष) | रु. २,११,०००/ |
| (१६) बरसाना में विवाह का महामनोरथ (वर पक्ष) | रु. १,११,०००/ |
| (१७) नंदगांव में श्री नंदमहल नंदमहोत्सव का मनोरथ | रु. १,११,०००/ |
| (१८) नंदगांव में पाल पर श्री...प्रभु का नंद महोत्सव | रु. ११,०००/ |
| (१९) नंदगांव में उद्धव क्यारी का रास | रु. २१,०००/ |
| (२०) श्री...प्रभु का बगीचा का मनोरथ | रु. ११,०००/ |
| (२१) चीरघाट पर चीरहरण लीला का मनोरथ | रु. २१,०००/ |
| (२२) बेलवन में खिचड़ी खेल का मनोरथ | रु. ५,००,०००/- |
| (२३) श्री दाऊजी का हांडा का मनोरथ | रु. ११,०००/ |
| (२४) गोकुल में श्री ठकराणी घाट पर श्री यमुनाजी का पूजन एवं कुनवारा | रु. ५,००,०००/- |
| (२५) श्री यमुना पुलीन का मनोरथ | रु. ११,०००/ |
| (२६) श्री...प्रभु का फुल के हिंडोरा का मनोरथ | रु. ११,०००/ |



आधिदैविक व्रज यात्रा में श्री व्रजानंद को लाड लडाते हुए उपरोक्त विभिन्न अलौकिक मनोरथों का आयोजन किया गया है। साथ ही श्री...प्रभु के नित्य मंगलभोग, राजभोग, शयनभोग, एवं ही दूध सेवा/सूखे मेवे की सेवा/ घी की सेवा/खांड की सेवा/बेसन की सेवा, तथा ब्रह्मभोजन, समस्त यात्रा में वैष्णव महाप्रसाद जैसे अनेक विविध सेवाओं में सहयोग प्रदान कर अलभ्य सौभाग्य प्राप्त कर धन्यता की अनुभूति करे।

**विशेष:-** वे वैष्णव जिनकी इच्छा होते हुए भी यात्रा में सम्मिलित ना हो सके हो वे भी उपरोक्त सेवा द्वारा अपने मन की इच्छा और भावनाओं को संतृप्त कर सकते है। व्रज में प्रभु उनकी यत्किंचित सेवा को भी स्वीकार कर जीव का कल्याण करेंगे।

**A/C Name:** SHREE RAJIV LOCHAN MEMORIAL TRUST
SHREE VRAJDARSHAN SAMITI
**A/C No.:** 250320110000323 • **IFSC CODE:** BKID0002503
**Bank Name & Branch:** BANK OF INDIA, R.V. Desai Road, Vadodara, Gujarat - 390004.
*(Subject to Cheque Realisation and Comfirmation from Bank)*
बेंक ट्रान्झेक्शन की संपूर्ण जानकारी समिति कार्यालय को देनी रहेंगी।

: यात्रा से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त करने तथा सहयोग सेवा लिखाने के लिए निम्न कार्यालय का संपर्क करे :


**श्री व्रजदर्शन समिति**
**श्री राजीवलोचन मेमोरीयल ट्रस्ट**
**श्री बेठक मंदिर**
केवडाबाग, मदनझांपा रोड,
बडोदा-३९०००१
फोन : 0265/2435543.
मो. 8401424933

**श्री व्रजदर्शन समिति**
**श्री राजीवलोचन मेमोरीयल ट्रस्ट**
**श्री द्वारकाधीश सुखधाम**
अेडी/१, वसुंधरा सोसायटी, उमाचार रस्ता,
वाघोडिया रोड, बडोदा-१९,
मो. 9265233533
फोन : 0265/2524452,2524344

E-mail: vrajdarshan2023@gmail.com